'पीएम काश्तकारों को आर्थिक रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत'

उदयपुर/राजसमंद, (कासं)। जून। किसानों को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू की गई मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ रविवार को टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ हुआ। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से पात्र किसानों के खातों में योजना की प्रथम किश्त के रूप में 1000-1000 रूपए हस्तांतरित किए। प्रदेश भर के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 650 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित की गई। इसमें उदयपुर जिले के 2 लाख 19 हजार से अधिक काश्तकारों के खातों में 21.88 करोड़ रूपए की राशि ट्रांसफर हुई।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सुखाड़िया रंगमंच सभागार में हुआ। कार्यक्रम में सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक शहर ताराचंद जैन, विधायक उदयपुर ग्रामीण फूलसिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान, प्रमोद सामर,उप महापौर पारस सिंघवी, डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यकारी अधिकारी सीसीबी डॉ प्रमोदकुमार सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार काश्तकारों को आर्थिक रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष कृषकों को 6000 रूपए देय हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार गठन के साथ ही सम्मान निधि में 2000 रूपए बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि उसी की परिणिति है। इसके तहत तीन किश्तों में कुल 2000 रूपए दिए जाएंगे, जो प्रधानमंत्री सम्मान निधि से अतिरिक्त होंगे। इससे किसानों को बीज आदि क्रय करने में मदद मिलेगी। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, इससे भी किसानों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने काश्तकारों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रगति करने का आह्वान किया। समारोह को विधायकगण सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चेतन औदिच्य और रणवीरसिंह ने किया। कार्यक्रम में टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने चयनित जिलों के चिन्हित काश्तकारों से वर्चुअल संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि जिलास्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद डॉ मन्नालाल रावत।

कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड़, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रेमप्रकाश माण्डोत, उप रजिस्ट्रार हरीश सीवासिया, मेहजबीन बानू, महाप्रबंधक सहकारी भण्डार राजकुमार सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में काश्तकार उपस्थित रहे। जिले में ब्लॉक व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम हुए, जिनमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

राजसमंद संवाददाता के अनुसार : केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत किसानों को प्रतिवर्ष 6000रुपए की राशि तीन किश्तों में दी जाती है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 2000 रुपए तीन किश्तों में देने का प्रावधान बजट में किया है। इस योजना के शुभारम्भ के लिए रविवार को दोपहर 12 बजे टोंक जिले में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया जिससे राजसमंद के किसान जुडे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पात्र किसानों को 1००० रुपए की प्रथम किश्त का वितरण डीबीटी के माध्यम से किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जिला स्तरीय समारोह में जुडे हुए किसानों से संवाद किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले का कार्यक्रम मार्बल गैंगसा एसोसिएशन भवन में आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी पीएम किसान एवं उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां आलोक चौधरी ने बताया कि इस दौरान जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष माधव जाट सहित किसान उपस्थिति थे। लाभार्थियों ने राज्य स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को ऊर्जा विभाग के मंत्री, सहकारिता एवं नागारिक उड्डयन विभाग के मंत्री, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के मंत्री और कृषि एवं उद्यानिकी व ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने संबोधित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य के लगभग 65 लाख पात्र किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1००० रुपए की प्रथम किश्त हस्तांतरित की। किसानों ने संवाद के दौरान यह स्वीकार किया कि राशि उनके खातों में प्राप्त हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को लाभान्वित करने की दृष्टि से नई योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की। जिला स्तरीय कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रत्येक ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित एसडीएम, बीडीओ एवं पंचायत स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद् सीईओ और नोडल अधिकारी पीएम किसान एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां राजसमंद द्वारा किया गया। राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में अनेक योजनाओं और नीतियों को लागू किया गया है, जिनका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, उनकी खेती को अधिक लाभदायक बनाना और उन्हें आवश्यक संसाधनों तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि ऋण माफी योजनाए और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जैसे कदम उठाए गए हैं ताकि किसानों को वित्तीय स्थिरता और सुरक्षा मिल सके।

खेर की गीली लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार

कानोड़, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खेर की गीली लकड़ी से लदे पिकअप वाहन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थानाधिकारी मुकेश चंद्र खटीक ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आकोला रोड पर की जा रही नाकाबंदी के दौरान गुजरने वाले वाहनों की तलाशी की गई, इस दौरान आकोला की तरफ से एक पिकअप गाड़ी 27 जीई 1827 जिसमें ड्राइवर सहित तीन व्यक्ति सवार थे , पुलिस द्वारा गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया गया तो पिकअप चालक द्वारा तेज गति से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया , पुलिस टीम ने पिकअप का पीछा कर गाड़ी को रूकवाते हुए गाड़ी की तलाशी ली जिसमें इमारती खैर की गिली लकड़ी के 211 गट्टे विभिन्न साइज में पाये गए, जिस पर उक्त खैर की लकड़ी मय पिकअप को जब्त किया जाकर, शेर खां पठान पिता शब्बीर खां पठान निवासी कादरी चौक पुलिस थाना डुंगला जिला चित्तौड़गढ़, भंवर लाल मीणा पिता वगतराम मीणा निवासी पाटलिया फला, पुलिस थाना कुण, जिला सलूंबर, पप्पू लाल मीणा पिता दूदा मीणा, निवासी बोबडी,पुलिस थाना भींडर जिला उदयपुर, को गिरफ्तार किया गया।

तीनों ही आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि खैर की लकड़ी से कत्था बनता है तथा पाणुदं के पास स्थित जंगलों से चोरी छिपे लकड़ी काटकर गुजरात की तरफ बेचते हैं,जहां पर खेर की लकड़ी के अच्छे भाव मिलते हैं, पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

सार-समाचार

झील में डूबते फिल्म निर्माता को बचाया

उदयपुर, (कासं)। शहर में स्थित पिछोला झील के मांजी घाट पर फिसलन से शनिवार देर रात डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर पानी में गिर गया। वह घाट पर सुंदरकांड का वीडियो शूट कर रहा था। मंदिर संघर्ष समिति के सदस्यों ने पानी में कूदकर उसकी जान बचा ली।जानकारी अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर निवासी निखिल बोरकर (35) 26 जून से उदयपुर में है। वह शहर की डॉक्यूमेंट्री फिल्म बना रहे है। इसी के सिलसिले में वह शनिवार देर शाम अपने दो साथियों के साथ मांजी मंदिर घाट पर पहुंचे। यहां हनुमान मंदिर में चल रहे सुंदरकांड की वीडियो शूट करते समय रात करीब 9:30 बजे निखिल कैमरा समेत झील में गिर गए।बताया जा रहा है कि किनारे पर होने से अचानक उनका पैर फिसला और वे पानी में गिर गए। उन्हें डूबते देखकर उनके साथियों ने शोर मचाया। इस पर मांजी मंदिर संघर्ष समिति के कुंदन कुमावत और रोहित चौबीसा दौड़कर आए और पानी में छलांग लगा दी। कुछ ही देर में निखिल को बचाकर बाहर निकाल लिया। सूचना पर अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।रविवार को बोरकर के झील में डूबे कैमरे को भी स्थानीय निवासी राजीव माथुर ने निकाल कर उन्हें लौटा दिया तो फिल्म निर्माता को बहुत प्रसन्नता हुई और उन्होंने माथुर का आभार व्यक्त किया।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने आरोपी कंपनी व साथी के खिलाफ एक्सपोर्ट किया माल नहीं पहुंचा कर हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रोपराईटर एसजी ट्रेडर्स मोचीवाड़ा मोहम्मद अय्यूब डायर पुत्र अहमद नूर ने आरोपी आबिद टक्सटाईल्स सलेटर हाउस नमर बाग मालेगांव नासिक महाराष्ट्र जरिये दलाल विठ्ठल मोरे व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 2021 में आरोपी से 2 लाख 60 हजार रूपये मा माल मंगवाया था। जिसमें कपडे की गांठे थे। आरोपी ने माल ट्रांसपोर्ट से रवाना किया लेकिन मुझे नहीं मिला। इस संबंध में पडताल करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हत्या का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। मामा के खिलाफ जहर देकर भानजे की हत्या करने का प्रकरण कोटड़ा थाना पुलिस ने दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हलदी देवी पत्नी बाबू गमार निवासी गउपीपला कोटड़ा ने अपने भाई चुनिया पुत्र गुंजा लहुर निवासी वडली कोटडा व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि मेरा पुत्र लसू पुत्र बाबू नाना के घर पर रहता था। आरोपियों ने मेरे पुत्र के साथ मारपीट की तथा कपास में डालने वाली कीटनाशक दवा खिलादी जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने पुत्र द्वारा जहर खाने की जानकारी दी थी। प्रकरण के अनुसार लसू अपने नाना के घर पर रहता था। जिसने अज्ञात कारणों के चलते 22मार्च को विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

हत्या का प्रकरण दर्ज

उदयपुर, (कासं)। झाडोल थाना पुलिस ने भाई बहन के खिलाफ जहर देकर सोतेली मां की हत्या करने का प्ररकण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वास झाड़ोल निवासी वनाराम पुत्र देवाली मेघवाल ने आरोपीगोपाल पुत्र धर्मचंद एवं सोनू पुत्री धर्मचंद केखिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व मेरी बहन पुष्पा नातेआई थी। आरोपी मेरी बहन पुष्पा को आई थी। आरोपी भाई बहन सोतेली मां सेआए दिन झगड़ा करते एवम मारपीट करते थे। 27 जून को आरोपियों ने मारपीटकर मेरी बहन पुष्पा को जहर खिला दिया। जिससे अचेत होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

सामान व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोदाम से सामान व नकदी चोरी का मामला दर्ज किया। पुलिस सें प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनलाल डांगी निवासी कलडवास हिरामगरी हाल डिपो मैनेजर जडाव नर्सरी ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमे पीडित ने बताया कि जडाव नर्सरी सेक्टर 6 में एलडीसी कंपनी का डिपो है तथा जहां पर सामान रखा था। 28 जून रात में अज्ञात चोर खिडकी तोड़ कर डिपो से 29 तेल के टीन एवं 8 हजार रूपये नकदी, ड्रील मशीन एवं कार्यालय उपयोग में आने वाला सामान चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्ररकण दर्ज करवाया।

झील-पहाड़ बचाने के लिए एकजुट हुए समाजजन

उदयपुर, (कासं)। शहर और देहात क्षेत्र में विलुप्त होते 30 से ज्यादा तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर पुनर्जीवित करने, शहर के 30 किलोमीटर यूडीए हवाई परिधि क्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों में इको टूरिज्म को ध्यान में रखते हुए किसी भी तरह के व्यावसायिक निर्माण पर तुरंत रोक लगाने सहित 5 अहम मुद्दों पर सेक्टर 4 में लायंस क्लब सभागार में सर्व समाज संवाद सम्मेलन में संकल्प पारित किया गया।

किंग सेना,मातृभूमि धर्म संघ की ओर से उदयपुर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जुटे विभिन्न एसोसिएशनए बार काउंसिल,व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठनों ने राज्य सरकार को एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए मानसी -वाकल चतुर्थ योजना में उदयपुर शहर के लिए आरक्षित 2000 एमसीएफटी पानी देने का भी प्रस्ताव पारित किया। मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर चेतावनी अवधि के बाद जन आंदोलन करेंगे। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव इंद्र मेनारिया,दाऊदी बोहरा समाज के उपाध्यक्ष शब्बीर के मुस्तफा,पालीवाल-मेनारिया नागदा सेवा समिति के संयोजक एवं गायत्री परिवार के सदस्य योगेश पानेरी ने कहा कि उदयपुर शहर को बेंगलुरु शहर बनने से रोकना हो तो हमें विलुप्त हो चुके शहर के 30 तालाब- बावड़ियों को पुनर्जीवित करना होगा।इसके लिए राज्य सरकार तुरंत आदेश लाए और कॉलोनियां काट चुके जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भू माफियाओं की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए जाए।

बार एसोसिएशन उदयपुर, दक्षिणी राजस्थान होटल एसोसिएशन उदयपुर, दाऊदी बोहरा समाज, श्वेतांबर जैन समाज, गायत्री परिवार, शुभ मंगल सेवा संस्थान, इंटक, दाल चावल व्यापार संगठन, विप्र सेनाए विप्र फाउंडेशन, तैलिक साहू समाज, मां आंजना युवा संगठन, (डांगी पटेल पाटीदार समाज) ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग संस्थान आदि से प्रतिनिधि मौजूद थे। तालाब एवं पहाडियों के संरक्षण की लड़ाई को हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में सफलतापूर्वक अंजाम दिलाने के लिए उदयपुर बार काउंसिल अध्यक्ष भरत जोशी, कपिल सुराणा, झील संरक्षण समिति के संयुक्त सचिव अनिल मेहता एवं एडवोकेट अशोक सिंघवी की टीम गठित की गई।इसी तरह से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एकार्थ पुरोहित,बड़ा प्रमोशन के हिम्मत प्रजापत की टीम को जन जागरण के लिए सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंप गई। फैक्ट्री मालिकों,श्रमिकों एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बीच जनजागरण की जिम्मेदारी पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली को दी। राज्य सरकार एवं भू माफिया की सद्बुद्धि के लिए जल्द ही शहर में गायत्री परिवार की ओर से महायज्ञ कराए जाने की जिम्मेदारी गायत्री परिवार के योगेश पानेरी एवं उनकी टीम को दी गई।

ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2024' सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2024' का समापन रविवार को हुआ। अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने बताया कि ओसवाल सभा का विगत 25 वर्षों में खेलों का महाकुंभ हुआ जिसमें समाज के 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। सचिव आनंदीलाल बंबोरिया ने बताया कि इस महाकुंभ में बैडमिंटन, चेस, टेबल टेनिस एवं कैरम गेम हुए। उपाध्यक्ष तुक्तक भाणावत ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

खेल संयोजक अंशुल मोगरा ने बताया कि दो दिवसीय टूर्नामेंट में बैडमिंटन एकल में अंडर 19 में श्लोक चावत विजेता एवं यथेष्ट चावत उपविजेता रहे। अंडर 30 में वत्सल गांधी विजेता एवं कार्तिक जारोली उपविजेता रहे। अंडर 45 में शिवालिक चावत विजेता, निखिल नलवाया उपविजेता रहे। 45 से अधिक उम्र में मंगल पटवा विजेता एवं युवराज मेहता उपविजेता रहे। बैडमिंटन फीमेल एकल अंडर-19 में नव्या बया विजेता व वैदिक पटवा उपविजेता, अंडर 30 में मोही डूंगरवाल विजेता व लिशा जैन उपविजेता, अंडर 45 में भावना मारू विजेता व मीना गलुंडिया उपविजेता तथा 45 से अधिक की उम्र में अनीता गांधी विजेता व संगीता जारोली उपविजेता रहे। पुरूश डबल्स अंडर 19 में श्लोक एवं यथेष्ट चावत विजेता एवं गर्व कोठारी एवं कौस्तुभ भाणावत उपविजेता, अंडर 45 में निखिल नलवाया एवं शिवालिक चावत विजेता व प्रतीक दक एवं पीयूष कंठालिया उपविजेता तथा 45 से अधिक उम्र में मंगल पटवा एवं आकाश चावत विजेता व गौतम नलवाया एवं अविनाश चावत उपविजेता रहे। फीमेल डबल्स में पर्युषा मोगरा एवं धृति कंठालिया विजेता व प्रिशा मोगरा एवं नव्या बया उपविजेता रहीं।अंशुल मोगरा ने बताया कि इसी प्रकार चेस अंडर 19 में तन्मय नलवाया विजेता व मॉनेल मारू उपविजेता, अंडर 30 में जतिन भैया विजेता व दीक्षांत गन्ना उपविजेता, अंडर 45 प्रणय लसोड विजेता व चिराग मेहता उपविजेता तथा 45 से अधिक उम्र में नरेंद्र सिरोया विजेता व हिम्मत जैन उपविजेता रहे।

राह चलती लड़की से छीना मोबाइल

बांसवाड़ा, (निसं)।पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में मोटर साईकिल सवार दो युवाओं ने राह चलती लडक़ी के हाथ से मोबाईल छीन लिया। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मदहोश ने बताया कि कॉलेज में पढऩे वाली छात्रा पैदल सडक़ पार कर रही थी कि यह घटना हुई। छात्रा बीमार होने की वजह से चिल्ला नहीं पायी लेकिन घटना देखकर मदहोश उसके पास पहुंचे और पीड़िता को लेकर सूरजपोल चौकी गये। जिस पर सिपाही पृथ्वीपाल अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी। बताया जाता है कि छात्रा डेगली माता चौक क्षेत्र में किराये के मकान में रहती है।

धरना प्रदर्शन रहा जारी

बांसवाड़ा, (निसं)।राजस्थान शिड्यूल एरिया संघर्ष समिति एवं राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् के बैनर तले विगत दस वर्षों से प्रत्येक रविवार को दिया जाने वाला धरना प्रदर्शन जारी रहा। अध्यक्षता गुलाब सिंह भगोरा ने की जबकि मुख्य अतिथि कमल किशोर पारगी रहे। वक्ताओं ने अनुसूचित क्षेत्र में संवैधानिक अधिकार, जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की वकालात की।

पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं) ।रविवार को उदयपुर जिले में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोवर्धन विलास,सेक्टर 14 पर सांसद डॉ मन्ना लाल रावत और विधायक ग्रामीण फुल सिंह मीणा ने पल्स पोलियो अभियान का बच्चों को दवा पिलाकर शुभारंभ किया। इस शुभारम्भ पर संयुक्त निदेशक डॉ जेड,काजी, सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामनिया, सीएमएचओ द्वितीय डॉ जी एम सैयद, डिप्टी सीएमएचओ डॉ ओम प्रकाश रायपुरिया,आर सी एच ओ गजानंद गुप्ता एडब्लूयूएचओ से डॉ अक्षय व्यास, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर रानी अहारी, यू पी एम वैभव सरोहा और पार्षद महेश त्रिवेदी उपस्थित थे।

उदयपुर के दातापति हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन सम्पन्न

उदयपुर,(कासं)।शहर के हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ व धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए।

मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया की रविवार को सवेरे से ही मंदिर में भजन कीर्तन शुरू हुए एवं शाम 5 बजे से महेंद्र सिंह, रमेश की टीम द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड प्रारम्भ हुए, शाम को 7.30 बजे ठाकुर जी, राम दरबार, वैष्णोदेवी माता, गणेश जी, सर्वेश्वर महादेव, राडाजी बावजी, दातापति बालाजी सभी की आरती पूजा सम्पन्न हुई

■ **चार धाम की सकुशल यात्रा के अवसर पर स्नेह भोज आयोजित**

उसके बाद रात 8 बजे से प्रसादी वितरण प्रारम्भ हुआ जो देर रात तक चला। आस पास के कृष्णआंगन, सर्वोत्तम कॉम्प्लेक्स, आदर्श नगर एवं सेक्टर 4 के भक्तों ने आनंद पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया एवं देर रात तक भजन संध्या का आनंद लिया महिलाओं ने मंगल गीत गाये इस अवसर पर मंदिर में विशेष सजावट व रोशनी की व्यवस्था की गई। महंत वैष्णव ने यात्रा के बारे में बताया कि विगत 3 जून से 16 जून तक ठाकुर जी व उनके साथ महंत रामदास वैष्णव तथा चालीस अन्य लोग उत्तराखंड के चार धाम की कुशल मंगल यात्रा सम्पन्न करके आये उसी के उपलक्ष मे मंदिर मे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। महंत ने बताया कि 14 दिन की चार धाम की यात्रा में हरिद्वार में हर की पेडी में गंगा जी में स्नान कर एवं मनसा माता के दर्शन कर यात्रा का प्रारम्भ किया वहा से यमनोत्री में गरम कुंड में स्नान कर यमुना महारानी के दर्शन किये तथा पहाडी रास्तों से होते हुए शिव गुफा के दर्शन कर उत्तर काशी में भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन किये वहा से आगे की यात्रा में गंगोत्री जी के दर्शन किए वहा से पुणे मनेरी में रात्रि विश्राम कर 9 जून को सुबह केदारनाथ के लिए रवाना हुए जो जंगल के रास्ते होते हुए शाम को सीतापुर पहुचे रात्रि में 2 बजे केदारनाथ की चढाई के लिए रवाना हुए वहा से गौरी कुंड में स्नान करके केदारनाथ की चढाई चढ कर दिन में 12 बजे केदारनाथ मंदिर पहुचे ठाकुर जी और केदारनाथ ज्योतिर्लिंग से प्रभु मिलन हुआ हर और हरि का मिलन हुआ 7 रात्रि में वही विश्राम किया वहा से बद्रीनाथ के लिए रवाना हुए रास्ते में रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग होते हुए संगम के दर्शन किये अगले दिन सुबह 4 बजे बद्रीनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए सुबह 6 बजे बद्रीनाथ पहुचे और दर्शन की लाइन में धीरे धीरे आगे बढते रहे और गरम कुंड में स्नान कर ठाकुर जी ने बद्रीनाथ जी के दर्शन कर उत्तराखंड के चार धाम की तीर्थ यात्रा सम्पूर्ण की 7 से 16 जून को ठाकुर के साथ महंत रामदास व अन्य चालीस यात्रियों के साथ उत्तराखंड चार धाम की यात्रा कर दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुचे एवं 17 जून को सुबह उदयपुर पहुचे। महंत ने बताया की परिवार की तरह चालीस लोगो ने ठाकुर जी के आशीर्वाद व स्नेह में चार धाम की सकुशल तीर्थ यात्रा सम्पूर्ण होने से ही दातापति हनुमान मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ, प्रसादी एवं स्नेह मिलन का आयोजन किया गया है।



उदयपुर के हिरण मगरी स्थित दातापति हनुमान मंदिर में कृष्ण वल्लभ श्रीमाली ने महंत रामदास वैष्णव का अभिनंदन किया।

डमी अभ्यर्थी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। सूचना सहायक भर्ती में बैठने वाले डमी अभ्यर्थी वीरमाराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि मुकेश पुत्र हवसिंह मईड़ा निवासी पंडवार उंकार हाल सूचना सहायक बीसीएमओ सज्जनगढ़ ने सूचना सहायक भर्ती 2018 की परीक्षा के आवेदन पत्र में अन्य डमी अभ्यर्थी के फोटो भरकर डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाते हुए पदस्थापन किया। थानाधिकारी सज्जनगढ़ नागेन्द्र सिंह को मुखबीर से सूचना मिली थी कि मुकेश ने डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाकर सूचना सहायक की नौकरी हासिल की है। पुलिस ने अनुसंधान किया तो आवेदन पत्रों पर लगी हुई फोटो प्रथम दृष्टया अलग-अलग व्यक्तियों की प्रतीत हुई वहीं आवेदन पत्रों पर हस्ताक्षर भी प्रथम दृष्टया अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा किया जाना पाया गया। जिस पर आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया गया। मुकेश की सूचना तथा प्राप्त साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त वीरमाराम जाट पुत्र गंगाराम जाणी जाट निवासी भीनमाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी वीरमाराम को न्यायालय में पेश कर पांच दिन की अभिरक्षा में लिया है। मामले में ओर आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है। पुलिस टीम में घाटोल वृत्ताधिकारी विनय चौधरी, कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह, कलिंजरा थानाधिकारी रोहित कुमार, सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेन्द्र सिंह, कलिंजरा थाने के कांस्टेबल विजेश कुमार व चालक कांस्टेबल संजयपाल सिंह शामिल रहे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]

कब्जा नोटिस

(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 04.06.2022 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. शम्भू दास, 2. जमना देवी को दिया गया था, जिसमें 01.06.2022 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रुपये 6,02,048.43/- (रुपये छः लाख दो हजार अडतालीस और पैसा तियालीस मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जून 2024 के 26वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन रुपये 6,02,048.43/- (रुपये छः लाख दो हजार अडतालीस और पैसा तियालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

अराजी नं. 1044, पट्टा नं. 22, ग्राम खेरी, ग्राम पंचायत-फलासिया, पंचायत समिति-भूपाल सागर, जिला-चित्तौडगढ़, राजस्थान-312204, क्षेत्रफल 930 वर्ग फिट, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-स्वयं, पश्चिम-श्री बालू राम का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-श्री रतन लाल का बाड़ा

दिनांक- 26 जून 2024
स्थान- चित्तौडगढ़
ऋण खाता संख्या- 41769677

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

कार्यालय ग्राम पंचायत कडेच/तिरोल
पं.स. सायरा जिला उदयपुर

क्रमांक:24.25/1 दिनांक:26.06.2024

निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 1,2 दिनांक 26.06.2024 द्वारा निम्नलिखित निविदा सूचना द्वारा अनुंबन्ध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | UBN NO |